तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 26.8° | 10.4° |
| इंदौर | 27.4° | 12.7° |
| जबलपुर | 27.0° | 11.4° |
| ग्वालियर | 27.2° | 12.8° |

दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 55,पृष्ठ 12)
बुधवार 22 जनवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये



**राजधानी...** उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में की...

**खेल...** भारतीय संस्कृति और आतिथ्य ने अंतरराष्ट्रीय प्लेयर्स...

**व्यापार...** दूरसंचार क्षेत्र में वृद्धि के लिए प्रभावी स्पेक्ट्रम...

**देश-विदेश...** तालिबान को अब समझ में आया शिक्षा का महत्व...


www.naiduniaonline.com

## खास-खबरें

### महाकुंभ में हार्ट अटैक के 100 से ज्यादा श्रद्धालुओं की जान बचाने में मिली सफलता

**महाकुंभ नगर ( एजेंसी )।** महाकुंभ में हार्ट अटैक वाले 100 से ज्यादा श्रद्धालुओं की जान बचा ली गई है। इसके साथ ही आईसीयू में 183 मरीजों का इलाज और 580 का माइनर ऑपरेशन किया गया है। यही नहीं, अब तक 1,70,727 ब्लड टेस्ट और 1,00,998 लोगों ने खुद को ओपीडी में दिखाया है। सेंट्रल हॉस्पिटल में देश की सबसे आधुनिक तकनीक से इलाज किया जा रहा है। महाकुंभ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालु महाकुंभ नगर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इसके पहले मध्य प्रदेश के दो श्रद्धालुओं को सेंट्रल हॉस्पिटल में जीवनदान मिला। दोनों श्रद्धालुओं का सीने में दर्द होने पर आईसीयू में इलाज किया गया। डॉक्टर एसके पांडे के नेतृत्व में उनकी जांच की गई और उनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया। अब दोनों श्रद्धालु पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डॉ. पांडे ने बताया कि दोनों श्रद्धालुओं की ईसीजी की गई।

### संभल हिंसा की जांच के लिए पहुंची न्यायिक आयोग की टीम

**संभल ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल की जांच के लिए यहां पहुंची न्यायिक आयोग की टीम ने मंगलवार को हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। न्यायिक आयोग की टीम ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों कोटगर्वी एवं देहली दरवाजा आदि स्थानों का निरीक्षण किया। टीम ने नाले में मिले अमेरिका और पाकिस्तान मार्का कारतूसों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान टीम जामा मस्जिद भी पहुंची और वहां बारीकी से निरीक्षण किया।

# मुठभेड़ में एक करोड़ के ईनामी सहित 16 नक्सली ढेर




**गरियाबंद ( एजेंसी )। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के ओडिशा सीमा में अब तक 16 नक्सली मारे जा चुके हैं। इसकी पुष्टि रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के ट्वीट से हुई है। सुरक्षा बलों का बड़े पैमाने पर ऑपरेशन जारी है। माना जा रहा है कि इलाके में और नक्सली भी घिरे हो सकते हैं। मृतक नक्सलियों में एक करोड़ का ईनामी नक्सली भी शामिल है।**

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले की ओडिशा सीमा में जहां गरियाबंद डीआरजी, ओडिशा की एसओजी, कोबरा की 207 बटालियन और सीआरपीएफ के जवानों ने अब तक 16 नक्सली ढेर कर दिए हैं। इस मुठभेड़ में कुल 16 नक्सली मारे गए हैं। ओडिशा पुलिस मुख्यालय से इसकी जानकारी मिली है। भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए हैं। मौके पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पूरे आपरेशन को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, ओडिशा नुआपाड़ा के पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र गूंडाला, ओडिशा के डीआईजी नक्सल ऑप्श अखिलेश्वर सिंह, कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत मॉनिटरिंग कर रहे है। गौरतलब है कि सोमवार को भी इसी स्थल पर दो नक्सली मारे गए थे। पुलिस ने जानकारी दी थी कि 20 जनवरी की सुबह 8:30 बजे से सुरक्षा बलों ने कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट में माओवादियों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस की 10 टीमें ( शेष पेज 2 पर )

## नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार : शाह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार है। श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया। नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से आज नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ने इसे जवानों की बड़ी कामयाबी बताया और कहा नक्सल मुक्त देश की दिशा में ये ( शेष पेज 2 पर )



# इन्वेस्टवमेंट को बढ़ावा देने पुणे में इंटरेक्टिव सेशन आज

### मुख्यमंत्री निवेशकों, उद्योगपतियों से करेंगे चर्चा

**भोपाल( काप्र )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेजी से निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। राज्य में निवेश की संभावनाओं को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए 22 जनवरी को पुणे में इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया जा रहा है।**



डॉ. यादव इस सत्र में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। राज्य में निवेश के अनुकूल वातावरण पर चर्चा होगी। यह सत्र पुणे के होटल रिट्ज़ कार्लटन में होगा। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे और कुशल मानव संसाधन के माध्यम से निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक राज्य को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए यह सत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, और कोयंबटूर में इंटरेक्टिव सेशन आयोजित किए जा चुके हैं, जो निवेशकों के साथ मजबूत संवाद स्थापित करने में ( शेष पेज 2 पर )

## लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा

**पटना( एजेंसी )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों के तकनीकी उन्नयन पर जोर देते हुए आज कहा कि बदलती टेक्नोलॉजी के इस युग में अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा। श्री बिरला ने मंगलवार को यहां 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बदलती टेक्नोलॉजी के इस युग में हमें अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा। मुझे खुशी है कि भारत की संसद दुनिया के सभी संसदों से टेक्नोलॉजी में आगे है। हम 22 आधिकारिक भाषाओं में से 10 में भाषांतरण कर रहे हैं। शीघ्र ही हम सभी 22 भाषाओं में यह सुविधा सदस्यों को उपलब्ध करायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संसद के अंदर सभी प्रकार के संसदीय कागजातों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से 10 क्षेत्रीय भाषाओं में सदस्यों को दिया जा रहा है।



*दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र पार्ट-2 जारी*

# केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा ने संकल्प पत्र -2 में सरकारी शिक्षण संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 15 हजार की वित्तीय सहायता और 2 बार के यात्रा व आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति का वादा किया है। इसके अलावा भी कई वादे किए गए हैं।



भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने संकल्प पत्र का दूसरा भाग जारी करते हुए कहा कि जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। हमारे संकल्प दिल्ली को विकसित बनाने के लिए हैं। संकल्प से सिद्धि की ये यात्रा हम अगले 5 वर्षों में पूरी करेंगे। भाजपा की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे। दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है और डीबीटी के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है।

## सैफ के हमलावर ने फर्जी एड्रेस पर लिया सिमकार्ड

**मुंबई ( एजेंसी )।** सैफ अली खान पर 16 जनवरी को चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक ने सात महीने पहले अवैध रूप से देश में प्रवेश किया था और मुंबई जाने से पहले सिम खरीदने के लिए पश्चिम बंगाल निवासी के आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने बांद्रा में बॉलीवुड स्टार के आवास पर चाकूबाजी की घटना के लिए आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) को पड़ोसी शहर ठाणे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, फकीर, जिसने अपना नाम बदलकर विजय दास रख लिया, सात महीने पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के लिए डाउकी नदी पार कर गया।





